>

Title: Need to shift the route of proposed express highway connecting three highways in West Delhi posing serious threat of displacement of large number of people in the area.

श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली): मेरे संसदीय क्षेत्र पश्चिमी दिल्ली में डी.डी.ए. द्वारा तीन नेशनल हाइवे को जोड़ने वाला 100 मीटर चौड़ा और करीब 35 कि.मी. लंबा एक्सप्रेस-वे बनाने की एक योजना है, इसकी स्वीकृति डी.डी.ए. ने जनवरी, 2004 में यहां पर खाली पड़ी भूमि बताकर माननीय उप-राज्यपाल से ली है, परंतु पिछले 15-16 साल में इस क्षेत्र में घनी आबादी बस चुकी है, यदि इस जगह पर यह एक्सप्रेस-वे बनता है तो नजफगढ़ के लगभग 30000 परिवार बेघर होते हैं। यहां पर अभी हाल ही में दिल्ली सरकार द्वारा स्वीकृत लगभग 11 रेगूलराइज्ड कालोनियां हैं जिनमें द्वारका विहार, रोशन गार्डन, संगम विहार, अमर विहार, इंदिरा पार्क, लक्ष्मी विहार इत्यादि कालोनियां हैं जिनमें हजारों परिवार हैं, मई, 2006 में मुख्यमंत्री कार्यालय को दी गई उपायुक्त की रिपोर्ट पर अमल किया जाए तो इन बसे हजारों परिवारों को उजड़ने से बचाया जा सकता है, यह रिपोर्ट जनहित में काफी महत्वपूर्ण है। परंतु डी.डी.ए. इस डी.सी. रिपोर्ट पर अमल करता नहीं दिखाई दे रहा है। उसने आज तक अपनी योजना में कोई फेरबदल नहीं किया है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में यथाशीघ्र हस्तक्षेप करके व इस एक्सप्रेस-वे का पुनः सर्वे करके इसका निर्माण उस जगह पर किया जाए जहां पर वर्तमान में खाली भूमि पड़ी है जिससे नजफगढ़ के हजारों परिवारों को बेघर होने से बचाया जा सके।